हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 10 नवम्बर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

फरीदाबाद और जम्मू कश्मीर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई छापेमारी कर एक कश्मीरी डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद के धौज में कश्मीरी डॉक्टर के घर से बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ है।डॉक्टर मुज्जबल फरीदाबाद के अल फला यूनिवर्सिटी में कार्यरत है।

पुलिस आयुक्त श्री सतेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तारी के समय कश्मीरी डाक्टर के घर से 350 किलो से अधिक ज्वलनशील पदार्थ, जिंदा कारतूस, मैगजीन, टाइमर और सर्किट डिवाइस बरामद किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल संभावित रूप से विस्फोटक या आतंकी गतिविधियों में किया जा सकता था।

उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई में एक और व्यक्ति को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से पकड़ा गया है। यह संयुक्त ऑपरेशन पिछले 15 दिनों से चल रहा था और अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम को बरामद सामग्री की जांच के लिए बुलाया गया है ।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय था और कई संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है।

****

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने आज सुबह हरियाणा पात्रता परीक्षा टीचर- एचटेट का परीक्षा परिणाम जारी किया।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि इस बार परीक्षा देने वाले करीब 3 लाख 31 हजार परीक्षार्थियों में 47 हजार परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

उन्होंने बताया --

1- डॉ. पवन कुमार शर्मा - 24 सेकंड

उन्होंने परीक्षा परिणाम में देरी होने का कारण सिक्योरिटी ऑडिट बताया।

परीक्षा 30 व 31 जुलाई को ली गई थी।

****

केंद्रीय आवासन, ऊर्जा एवं शहरी मामले के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कल करनाल में जिला विकास तालमेल एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी लाने के निर्देश दिए। मंत्री ने बैठक में 11 विभागों की 22 महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा भी की।

उन्होंने अधिकारियों को विकासात्मक परियोजनाओं को जल्द धरातल पर लाने के निर्देश दिए।।

श्री मनोहर लाल ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने स्तर पर जिला से संबंधित विकासात्मक परियोजनाओं तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की आवश्यकतानुसार रूपरेखा तैयार करें, केवल लक्ष्य पूरा करने तक सीमित न रहें।

उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री शहरी व ग्रामीण आवास योजना के लिए ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करने के भी निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री ने कृषि विभाग की 'आत्मा योजना' की समीक्षा के दौरान कृषि विभाग के उपनिदेशक को निर्देश दिए कि वे किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित करें और उन्हें प्रशिक्षण भी दिलवाएं ताकि किसान कम लागत में अच्छा मुनाफा अर्जित कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा उन्होंने कहा कि पीएम मुद्रा योजना के तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण दिया जाता है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ मिले इसके लिए लोगों को आवेदन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षों में पीएम आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी के तहत 3 करोड़ आवासों का राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित किया गया है। देश भर में एक करोड़ शहरी व 2 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों में मकान बनाए जाएंगे। इसके लिए भी पोर्टल पर आवेदन मांगे गए हैं।

उन्होंने कहा कि रोजगार की दृष्टि से वीटा बूथ योजना एक अच्छी योजना है इसका और सरलीकरण किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग आवेदन करके लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि स्वनिधी योजना के तहत छोटे दुकानदारों, फेरी वालों के लिए ऋण की राशि बढ़ाई गई है। इस योजना के तहत दिए जाने वाले ऋण को 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये और 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये किया गया है। 50 हजार रुपये के ऋण के साथ अतिरिक्त 30 हजार रुपये की राशि का क्रेडिट कार्ड दिया जा रहा है ताकि रिवोल्विंग फंड का इस्तेमाल बार -बार किया जा सके।

****

पंचकूला जिले में भानु स्थित भारत तिब्बत पुलिस बल के प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र में आज कांस्टेबल जनरल ड्यूटी महिला एवं पुरुष के 491वें बैच के दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ।समारोह में विभिन्न राज्यों के कुल 228 प्रशिक्षार्थी शपथ ग्रहण कर बल में शामिल हुए, जिनमें 198 पुरुष एवं 30 महिला कांस्टेबल हैं।

समारोह में पश्चिमी कमान चंडीगढ़ के कार्यवाहक अपर महानिदेशक संजय गुंज्याल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर बल के महा निरीक्षक अशोक नेगी भी मौजूद रहे तथा मुख्यातिथि के साथ परेड की सलामी ली।

****